# फॉर्म तैयार करना

22

## उद्देश्य

इस पाठ के अंत में आप जानेंगे।

- फॉर्म कैसे काम करता है, समझना
- फॉर्म घटक का उपयोग करके फॉर्म बनाना
- इनपुट घटक का उपयोग करते हुए नियंत्रण रखना

## फॉर्मस (Forms)

वेब पेज को इंटरएक्टिव बनाने के लिए फॉर्म प्रभावशाली माध्यम है। फॉमर्स यूज़र से इनपुट प्राप्त करने के लिए नियंत्रणों का व्यवस्थित संग्रह है। नियंत्रण (Control) यूज़र से इनपुट प्राप्त करने का माध्यम है। नियंत्रण के कुछ उदाहरण हैं- चेक बॉक्सेस, लिस्ट बॉक्सेस रेडियो बटन एवं टेक्स्ट बॉक्सेस।

फॉर्म तैयार करने में दो चरण लगते हैं। पहला चरण फॉर्म में उपयोग होने वाले फॉर्मेट और नियंत्रण (control) तैयार करने का है। यह HTML फॉर्म घटक और इनपुट घटक की मदद से किया जाता है। दूसरा चरण सूचना (information) को संसाधित करने का है। इन जानकारियों को संसाधित करने के लिए VBScript और Java Script जैसी स्क्रिप्टिंग भाषाओं का उपयोग किया जाता है।

## फॉर्म घटक (Form Element)

फॉर्म घटक एक कंटेनर घटक है और इसके गुणधर्म हैं :

- क्रिया (Action) – क्रिया गुणधर्म (Action attribute) एक URL है जो जानकारियों को संसाधित करने में प्रोग्राम से संबंधित होता है।
- विधि (Method) – विधि गुणधर्म (Method attribute) संसाधित करने के प्रोग्राम में फॉर्म की जानकारियां किस प्रकार भेजें जाएंगे यह तय करने के उपयोग में आता है।




©NIIT

फॉर्म घटक <Form>...</Form> टेग्स द्वारा पहचाना जाता है फॉर्म में नियंत्रणों को इनपुट घटक के प्रयोग से सम्मिलित किया जाता है। यह घटक फॉर्म घटक में उल्लेखित होता है।

## इनपुट घटक (Input Element)

इनपुट घटक फॉर्म में नियंत्रणों को सम्मिलित करने में मदद करता है। चित्र 22.1 में विभिन्न नियंत्रणों का एक नमूना दिखाया गया है।




चित्र 22.1 : फॉर्म

आप इन नियंत्रणों को इनपुट घटक के गुणधर्मों का उपयोग करते हुए सम्मिलित कर सकते हैं। इनपुट घटक के गुणधर्म हैं।

- प्रकार (Type) – प्रकार गुणधर्म का उपयोग इनपुट नियंत्रण के प्रकार को तय करने के लिए किया जाता है।

उपरोक्त फॉर्म में आप तीन टेक्स्ट बॉक्स पाएंगे, नाम, उम्र और संपर्क के लिए या पते के लिए। इस प्रकार के टेक्स्ट बॉक्सेस सम्मिलित करने के लिए निम्न कोड लिखने की आवश्यकता होती है।



©NIIT

```
<Form>
Name<Input Type = Textbox>
</Form>
```

इसी तरह, रेडियो बटन अथवा चेकबॉक्स सम्मिलित करने के लिए निम्नकोड लिखा जाना चाहिए।

```
Male<Input Type = Radio>
Travelling<Input Type = Checkbox>
```

- मान (Value) – इस गुणधर्म का मान नियंत्रण के प्रकार पर निर्भर करता है। यदि नियंत्रण का प्रकार टेक्स्टबॉक्स है, इस गुणधर्म का उपयोग डिफॉल्ट मान, तय करने के लिए किया जाता है नीचे दिया गया उदाहरण कोड *Name* टेक्स्टबॉक्स में Preety नाम प्रदर्शित करेगा।

```
Name<Input Type = Textbox Value = Preety>
```

इसी प्रकार जब एक रेडियो बटन चेकबॉक्स का चुनाव किया जाता है। तब इस गुणधर्म का मान का उपयोग और अधिक संसाधन के लिए किया जाता है और इसमें scripting languages की मदद ली जाती है।

- नाम (Name) – नाम गुणधर्म का उपयोग नियंत्रण के लिए एक खास पहचानकर्ता प्रदान करने के लिए किया जाता है। एक रेडियो बटन को नाम देने के लिए निम्न कोड लिखा जाना चाहिए।

```
Male<Input Type = Radio Name = R1>
```

> **युक्ति**
> जब रेडियो बटन्स को एक ही नाम दिया जाता है, वे समूह में कहलाते हैं। यह सुनिश्चित करेगा कि यूज़र सिर्फ एक ही रेडियो बटन का चुनाव कर सकता है। उदाहरण के लिए यदि आप लिंग तय करने के लिए रेडियो बटन सम्मिलित करना चाहते हैं, तो आप दोनों रेडियों बटन को एक ही नाम दे सकते हैं।

- आकार (Size) – आकार गुणधर्म का उपयोग नियंत्रण के आकार को बताने के लिए किया जाता है। नीचे दिया गया कोड 20 कैरेक्टर की दिखने योग्य चौड़ाई के साथ एक टेक्स्टबॉक्स प्रदर्शित करेगा।

```
Contact Address<Input Type = Textbox Size = 20>
```

- मैक्सलैन्थ (Maxlength) – मैक्सलेन्थ गुणधर्म का उपयोग नियंत्रण के भीतर कैरेक्टर की लंबाई तय करने के लिए किया जाता है। डिफॉल्ट से अनगिनत कैरेक्टर समाहित किए जा सकते हैं। नीचे दिया गया कोड एक टेक्स्ट बॉक्स प्रदर्शित करेगा जिसमें दो से अधिक कैरेक्टर नहीं समाहित किए जा सकते।

```
Age<Input Type = Textbox Maxlength = 2>
```


©NIIT

- Checked – Checked गुणधर्म का उपयोग डिफॉल्ट से रेडियो बटन एवं चेकबॉक्सेस को अलग से प्रदर्शित करता है। नीचे दिया गया कोड चेक बॉक्स "Travelling" प्रदर्शित करेगा।

```
Travelling<Input Type = Checkbox Checked>
```

इसी प्रकार नीचे लिखा गया कोड एक रेडियो बटन को डिफॉल्ट से अलग किया हुआ प्रदर्शित करेगा।

```
Male<Input Type = Radio Checked>
```

- पासवर्ड – पासवर्ड गुणधर्म टेक्स्ट बॉक्स गुणधर्म के जैसा है सिवाय इसके कि इसमें टेक्स्ट के बजाय asterisks की एक श्रृंखला दिखाई देगी।

```
Enter Password<Input Type = Password>
```

- सबमिट – सबमिट गुणधर्म बटन तैयार करता है। यह बटन फॉर्म में एकत्रित समस्त जानकारियों को संसाधित प्रोग्राम में स्थानांतरित करने के उपयोग में आता है। निम्न कोड सबमिट बटन को सम्मिलित कर देगा।

```
<Input Type = Submit>
```

- रीसेट – रीसेट प्रकार गुणधर्म के लिए रिसेट मान एक बटन तैयार कर देता है जिसे चुने जाने पर फॉर्म की सारे प्राथमिक मान फिर से सेट हो जाते हैं। रीसेट बटन को सम्मिलित करने के लिए।

```
<Input Type = Reset>
```

## अब आप जानते हैं

- HTML फॉर्म घटक का उपयोग फॉर्म तैयार करने में किया जाता है।
- फॉर्मस में नियंत्रण (controls) होते हैं।
- नियंत्रण (Controls) इनपुट घटक के उपयोग से सम्मिलित किए जा सकते हैं।

# चर्चा के लिए

**रिक्त स्थान भरें।**

1. लिस्ट बॉक्सिज, चैक बॉक्सिज इत्यादि को________________ कहा जाता है।
2. Form एलीमैन्ट में________________ और ________________एट्रीब्यूट्स होते हैं।


3. ________________ एलीमैन्ट का इस्तेमाल फॉर्म में कंट्रोल्स इंसर्ट करने के लिए किया जाता है ।

4. ________________ एट्रीब्यूट का इस्तेमाल कंट्रोल्स में एंटर किए जा सकने वाले कैरेक्टर्स की अधिकतम लम्बाई को निश्चित करने के लिए किया जाता है ।

5. ________________ एट्रीब्यूट का इस्तेमाल इनपुट कंट्रोल के टाईप को निश्चित करने के लिए किया जाता है ।

# करने के लिए

1. दिए गए फॉर्म को दिखाने के लिए वैब पेज बनाएं ।




2. नीचे दिए गए फॉर्म को दिखाने के लिए वैब पेज बनाएं ।

